नारी कह सकती मैने उसे कहा कि मैं कुछ कहा चाहती हूं जो मुझे एक पल का अवका
श मिले फिर मैं अपना शिर उठा चाहती थी कि कुछ कहूं परन्तु शैने और हिचकियों के का
रण शाह मुख से न निकल सका था मेरे पति ने मुझ पर कुछ न दया की किन्तु इस भांति बुरा भ
ला कहना आरंभ किया कि जिस का मैं कुछ भी उत्तर न दे सकी फिर मैंने चाहा कि परमेश्व
र की वंदना कर अपने संपूर्ण आंसुके पापों को क्षमा कराऊं परन्तु उसने मुझे इतना अव
काश न दिया और गुलाम को आज्ञा दी कि तूणी चहीं इसे वध कर गुलाम चाहता था
कि हमारे इतने में वही दाई जिसने मेरे पतिको दुग्ध पिलाया था भीतर आई और उसके
चरणों पर गिर पड़ी और चाहा कि उसका क्रोध शांत करे फिर बहुत दीनता सेवक प्रार्थ
ना करके मेरे पति से कहा कि मेरे दूध पिलाने और पालन के बदले इसका अपराध क्ष
मा कर तू इसे वध्य मारता है परमेश्वर के यहां का उत्तर देगा और अपनी प्रतिष्ठा को खो
ता है और न्याय करने वाले तुझे क्या कहेंगे निदान उस दाई ने बेर तक उसे ऐसा ऊंचनी
च समझाया और मेरा अपराध क्षमा कराने को बहुत सा वाद विवाद किया और बहुत
रुदन किया यहां तक कि उसका क्रोध कुछ कम हुआ तब उसने कहा कि केवल तेरे कह
ने से मैंने इसके प्राण छोड़े परन्तु इसको कुछ दंड देना अवश्य है कि इसे आयुभर स्मर

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

सप्त
१२०
120

ए रहे यहकह उसनेगुलाम को आज्ञादी उसने मेरी छाती औरबाज़ू परइतना मारा कि मैंबे
सुधहो गई औरवहांका चर्म औरमांस उड़गया फिर वह गुलाम मेरेपतिकी आज्ञानुसा
रमुझको एक महलमेंले जायछोड़ आयावहां चारमासतकमैं उसी भांति घायल पड़ी
रही और उसवृद्धाने मेरी मल्हम पट्टी आदि औषधिकी और उसदशा में मेरीखबरले ती
रही फिरमैं अच्छी होगई परंतु चिन्ह जैसे आपने कल रात्रिको देखिथे रहगये फिरजबा
मुझमे चलने फिरने की सामर्थ्य होगई तोमैंने चाहाकिमैं अपने पहिले भर्तारके गृहमें कि
वह मेरे आधीनमेंथा जायरहूं परंतु वहां जाय गृहकाचिन्ह भीनपायाक्योंकि मेरे दू
सरे पतिने क्रोधसे उसकिंत गलीको जिसमें वहगृहथा खुदवाकर पृथ्वी बराबर
करदीमैं फरयाद इस अन्यायकोजो मेरे दूसरे पतिने कियाथा किसीसेन करसकी कि
ऐसानहो कहींफिरवह वैसाहीनकरे इसलिये अपने चितकोदृढकर और परमेश्वर
कायमबाटकरमैं अपनी प्यारी वहिन जेबदाके निकट गई और उससे अपने संसा
आपति औरदुःखको प्रगटकिया उसने मुझे धीरजदिया और अपने निकट रक्खा औ
रसमझाया किहमारासमय अच्छा नहीं किसीसे हमको वफ़ा नहींमनो उनमेंसेजो हमारे
मित्र हैं औरन उसनेजोहम पर आसक्तहैं मेरे समीप वैठ रहे औरफिर विवाह नकर न

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

बसे मैं अपनी भग्नी जेबदाके निकट रहतीहूं फिर मेरी बहिन जेबदाने उसशाहजादेका

हतांत जो उनदोनों बहिनों की महसे समुद्रमें डूबगयाथा मुझसे प्रगट किया और उन

दोनोंके ऊतिथा होने का कारण भी कहा और मेरी माताके मरने उपरांत मेरी छोटीभ

ग्नी कोभी जिसका नाम साफीहै अपने साथ रक्खा फिर कभी हम अपनी बहिनजे

बदासे अलगहोनेकी इच्छा नकी और अबतकहम दोनों आनंदपूर्वक उसकी संगमेंर

हतीहैं और परमेश्वरकाधन्यवाद करतीहैं और सब बहने अपनेगृहका कार्य मिलकु

ल करलेतीहैं कभीमैं बाजारमें जाकर सौदा सल्फ करतीहूं और कभी मेरी छोटी बहि

न साफीजातीहै सोमैं कलके दिन बाजारसे बहुतसी बस्तुमोललेके एकमजदूर केशि

र परकि बह इसमहल और हाजिर जबाबथा रखकरले आईथी और उसको रात्रि भर

रहने दिया कि अपने हंसमुख और मिष्ट बचनसे हमें प्रसन्नकरे फिर रात्रिकोइन तीनों

योगियोंने हमारे दरवाजे पर आय हमसे गृहको चाहना कीकि उसमें रैनभर रहैं

हमने उनपरदयाकर उन्हें भीतरबुलाया और अपने साथ भोजन और मदिरा पिलाईफि

र उनके सन्मुख हमनेगाया बजाया औरवेभी हमारे सन्मुख अपनीरीति परगाते रहे इतने

में तीन ब्योपारी मवस्सलकेजो अति प्रतिष्ठित जानपड़ते थे हमारेदरवाजे पर आये और

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

सप्त हमसे योगियोंके समानरात्रिको गृहमें रहनेकी इच्छाकीवह भी हमने अंगीकार किया
१२१ और उनको अपनेगृहमें रहने कोस्थानदिया और अपनी सभामें मिलाया परंतु कोईभी
अपने प्रणपर स्थिरनरहा औरहमें शोकयुक्तकिया यदिहमें सामर्थ्यथी किजिस प्रका
121 र हमचाहते दंडदेते परंतु हमने कुछभीन किया औरप्रेमकमतुम्हसे कहा कि अप
ना२ वृत्तांत हमसे कहे फिरहमने उसने उनकी कथासुन सबको छोड़ दिया और उ
नका अपराधक्षमाकर दिया खलीफा हारूनरशीद इस अपूर्व वृत्तांतसे अत्यंत आश्चर्यि
न औरहर्षितहुवा जब इसओरसे उसे भरोसाहुवातो उसनेचाहा किउन योगियोंसे किस
वस्तुवह शाहजादाहे कुछनकुछउपकार करे फिर उसने विचाराकि इनतीनोंके
साथजोबिना पतिंथी योगियोंके साथविवाह करेजेबदासे पूछाकिहे हेदरोजके
उस अप्सराकावृत्तांतभी विदितनहै किजोतमने प्रथम पदादार सर्प दृष्टि पड़ा औरवह य
हमीकुछ कहतीथी कि कबतक यहतुम्हारी वहिनें कुतियोंके शरीरमें रहेंगी जेबा
दाने उत्तर दिया किमें प्रथम आपके सन्मुख यहकहना भूलगई उस अप्सराने विदा हो
ने समयथोड़ेसे वालदेकरकहाथा किजब तुम मुझेबुलाया चाहोतो पकवालको आ
ग्निमें जलानाजोमें काफपहाड़के उस ओरभी रहूंगी तोतुम्हारेनिकटपहुंचजाऊंगी खि

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

लीफाने कहा यह बालक हो है जबदाने उत्तर दिया कि उन बालों को मैं सदैव अपने समी
प रत्ना पूर्वक रखती हूं फिर उसने अपने संदूकचे को खोल कर उन बालों को बुढ़ियानि
काली और खलीफा के सन्मुख लाई बादशाह ने कहा मैं चाहता हूं कि उस अप्सरा को भी
देखूं उसको तुम बुलाओ जबदाने कहा बहुत अच्छा फिर उसने उस बुढ़िया का एक ही
बार अग्नि में डाल दिया ज्योंही उसमें से धुवां निकला त्योंही वह राजद्वार हिलने लगा औ
र साथ ही वह अप्सरा बहुत उत्तम २ वस्त्र पहिने खलीफा के सन्मुख आई और खलीफा
से कहा मैं आपके सन्मुख आई हूं जो आज्ञा हो सो पालन करूं और इस स्त्री अर्थात
जबदाने मुझसे बड़ी भलाई की मैं इसकी कृतज्ञ हूं और मैने इसकी बहनों को कि इस
के साथ बुराइयां की थी कुतिया बना डाला यदि आपकी इच्छा होतो मैं फिर इनको उसी
शरीर में लाऊं खलीफा ने कहा यदि तू इनको फिर अपने शरीर में लावेगी मैं तेरा बड़ा कृ
तज्ञ हूंगा अब वे अपने अपराध का यथोचित दंड पा चुकी हैं इसके विशेष एक और
तुझसे इच्छा रखता हूं वह यह है कि एक मनुष्य ने अपनी स्त्री को बड़ा अन्याय कर इतना
मारा है कि उसकी छाती मारके चिन्हों से काली होगई है और इसका हाल कि उसने प
हिले पतिसेया नीणाईथी खुदवाय धरनी के बराबर करा दिया और उसके पति को से

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

सप्त
१२२
122

सुणियातीलेली यह हाल सुनसुके बड़ा पश्चात्ताप हुवा कि मेरे अधिकार और राज्यमें कोई
न ऐसा अन्यायी है कि इस अन्याय करने का कारण है नमतो उस मनुष्यको अवश्य जा
नतीहोगी अप्सराने उत्तरदिया कि मैं अभी इन दोनो कलियों को उनकी मुख्य योनि में बना
ये देती हूं और इस स्त्रीको इस तरह अच्छी उनमक रहूंगी कि फिर कछभी यावोंका चि
न्ह न विदित होगा और इस मनुष्यका नामभी जिसने उसे मारा है बताऊंगी फिर खलीफा
ने तुरंत उन दोनो कलियों को जवदाके घरसे मंगवाया और परीके सन्मुख किया परीने य
क जलका पात्र मंगवाय उस पर कुछ शब्द पढ़े कि जो कछभी समझाई न देतेथे फिर उ
स जलको अमीना और इन दोनो कलियों पर छिड़का कि वे दोनो कलियां तुरंत निज।
ए चिन्ह चलेगये और इसकी छाती दर्पणके समान साफ होगई और अमीनाके शरीरसे सब।
हा कि है शाहजहा सब इसके पतिका नाम कि जिसने मारा है वह अप्सराने क
के बढ़न करीबे है अर्थात् वह आपका छोटा पुत्र है इस स्त्रीको सुंदरताकी प्रशंसासु
नु मोहित हुवाथा और इसके वहाने से अपने गृहमें बुला और काहकर उसके साथ वि
वाह किया फिर कईबेर बातके उलटानेमें इसे मारा और यह सबसुच निर्दोषथी कि।

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

सी भांतिका पाप इसनेनकियाथा केवल उसने एकबातकई बेर कही यही उसके पति
के शोकका कारण हुवा यही बातथी जो मैंने आपसे प्रगट की यह कह वह अप्सरा गुप्त
हो गई खलीफा यह वृत्तांत सुन अत्यंत आश्चर्यित हुवा और अपने पुत्र अमीनको क
हला भेजा कि मुझे अमीनाके साथ तेरे शुभ विवाहका और उसके कपोल पर घावका
हाल विदित हुवा शाहजादा इस हालको सुन लज्जा और भयसे खलीफाके सन्मुख
हो सका फिर खलीफाने उसे कहला भेजा कि इस सुंदरीको जो बड़ी पतिव्रता और सु
कर्म्मिणी है लेजाय अपने महलमें प्रतिष्ठा पूर्वक रखो वह शाहजादा अमीनाको ब
ड़ी प्रतिष्ठासे अपने गृहमें लेगया और दोनों सदैव प्रीति पूर्वक रहनेलगे और खली
फा जुबेदासे कि उसपर मोहितथा विवाह किया और शेष उन तीनों स्त्रियों अर्थात्
साफी और जुबेदाकी सगोदी बहनोंका ब्याह उन तीनों योगियोंके साथ करदिया
उन्होंने हर्षपूर्वक अंगीकार किया फिर खलीफाने हर एकके लिये निज नगरमें बड़े
और उत्तम २ गृह बनवादिये और उनको अपने राज्यमें बड़े २ अधिकार दिये निदा
न वह तीनों योगी उस दयावान खलीफाके साथ अपनी संपूर्ण वय आनंद पूर्वक व्य
तीतकी ॥ सिंदबाद जहाजीकी कथा जब मलका शहरजाद बादशाह शहरयार

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

सप्र
१२६
123

सेतीन योगियों कीकथा कहचुकीतो बादशाहने उसे बहुतप्रसन्न किया फिरउसनेक
हाकि वर्णित हारूनरशीदके राज्यमें एक निर्धनहिंदबाद नामी मजदूर बुगदाद नगर
रेमें रहताथा एकदिन ग्रीष्मऋतुमें जिससमयकि बहुत गरमीथी भारी बोझाशिरपर
उठाये नगरके एक ओरसे दूसरे ओरकोलिये जाताथा यदि बहुदूर जाताथा मार्गमें थ
कितहुवा और श्रमसे थक एकहौदेमें अपने भारको कि वहां गुलाबकेछिड़कावहुवाथा
और मंद२ ठंढी२ वायुचलतीथी उतारा और एक बडेभारी महल के समीप कि उस।
में सेनानाभांतिके बोधेकी सुगंध आतीथी बैठगया औरउसद्वारके एकओरसे अच्छे
राग और उत्तम२ बाजोंका शब्दसुनाई देताथा और दूसरी ओरसेबुलबुल और अन्य
पक्षियों काजो वहांकी पैदायशथी मिष्ट वाणीसुनाई देतीथी और नानाप्रकारके
सुगंधित औरखिदिहुए अंजनोंकी सुगंध पहुंचीकि जिससे इसे विदितहुवा कि इस स्था।
नपर भोजनका सामानहो रहाहै चाहाकि यहांका संपूर्णवृत्तान्त जाने कि यह द्वार।
किसकाहै औरइसमें कौनधनवान् रहताहै उसदिवसके सिवाय वहमजदूर कभी व
हांनगयाथा कि उस द्वारका हाल जाने निदान उसनेसेवकोंसे कि उत्तम२ वस्त्र पहि
नेहुए दरवाजेपर खड़ेहुएथे पूछा कि इसघरका स्वामी कौनहै उन्होंने उत्तरदिया।

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

आश्चर्य है कि तू बगदाद नगर का बासी होकर इतना नहीं जानता कि यह हाल सिंदबाद का है उसने सातों नदियों का सफर किया है इससे वह जहाजी ख्यात है उसको परमेश्वर ने लाखों करोड़ों का द्रव्य दिया मजदूर ने यह सुन बड़ा आश्चर्य किया और आकाश की ओर देख बड़े ऊंचे शब्द से कहा है सामर्थ्य वान संसार के उत्पन्न करने वाले ईश्वर सिंदबाद और मुझ में का अंतर है कि मैं हिंदबाद हूं और सातों दिवस बड़े श्रम से अपने और अपनी स्त्री पुत्रों के निमित्त जो की रोटी पैदा करता हूं और सिंद बाद यह आनंद करता है उसने कौन ऐसा कार्य्य किया कि जिससे वह ऐसा भाग्यवान है और मैंने कौन ऐसा पाप कि या कि जो मेरी ऐसी अभाग्यता का कारण हुवा फिर उसने मुंह फैलाय एक ठोकर पृथ्वी पर मारी और निराश होय सिर हिलाय अपनी अभाग्यता पर पश्चाताप करने लगा इतने में उस महल का एक सेवक उसके समीप आया और उसकी बांह पकड़ कहा मेरे साथ चल हमारे स्वामी सिंद बाद ने तुझे बुलाया है हिंदबाद डराया कि ऐसा न हो जो सिंद बाद मेरी इस बात को सुन क्रोधित हुवा हो और मुझे दंड देने को बुलाता हो उपरान्त करना हो (?) करने लगा और कहने लगा कि मेरा बोझा यहां गली में पड़ा है को कर उसे छोड़के जाऊं उस सेवक ने उसे धीर्य दिया कि तुम भयभीत न हो अपने बोझ से भरोसा राखहम उसको रक्षा

सिंद्र
१२४

124

करेंगे निदान बादा बिवादसे निरुपाय होय उसके साथ हुवा सेवक उसबड़े भारी दालान में
लेगयाकि जहां बहुतसे मनुष्य भोजन करनेको बैठेथे वहां नाना प्रकारके उत्तम २ भोजनबु
नेथे और सबमनुष्योंके बीचमें एक अमीर हद्दिव्य रूप जिसकी श्वेत डाढ़ीजो छातीत
क लटकती थी बैठाथा औरउसके पीछे बहुतसे सेवकों कासमूह हाथ बांधे खड़ाथा
मजदूर इतनी बड़ीसभा और सेवकों और नाना प्रकारके व्यंजनोंके देखने से डर गया
और झुक कर सिंदबादको प्रणाम किया सिंदबादने उसके फटे और मलिन वस्त्रकाकु
छभी शोचनकर प्रणामका उत्तर दिया और अपने निकट बुलाय अपनी दाहिनी ओर
बैठाया और उत्तम २ भोजन अपने हाथसे उठाय उसके आगे रक्खे और बहुत अच्छी
मदिराजो वहां बहुतसी रक्खीथी उसे पिलाई सिंदबादने जबदेखाकि उसके सब स
भावाले भोजनकर चुके हिंदबादसे अरबके रीतानुसार कि मित्रतामें अरबी कहै उप
नाम करतेहैं कहा अरबी तुम्हारा क्या नामहै उसने कहा साहिब मेरा नाम हिंदबादहै
सिंदबादने कहाकि मैं और यह संसर्गसभा तुमको देख प्रसन्नहुई अबमैं चाहताहूं
कितुम्हारे मुखसे उसबातको जोतुमने गलीमें बैठकर कहीथी सुनूं और सिंदबाद
को इस चाहनासे यह इच्छाथी उसने दरवाजेसे उनबातोंको हिंदबादसे सुना और इसी

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

लिये उसे बुलवा भेजा था हिंदबाद लज्जित होय उत्तर दिया कि उस समयमें थकने और श्रमित हो-
नेके कारण अपने आपेमें न था मेरे मुखसे कोई अनुचित वचन निकल गया होगा अब सडका
डहराना सभामें फिराई है आशा रखता हूं कि वह ढिठाई और अनुचित मेरी क्षमा करेगा सिंदबा-
दने कहा कि मैं ऐसा असाधीन नहीं हूं कि उन बातों से किसी प्रकार की हानि पहुंचाऊं किंतु मु-
झको विसमय रदया आई है और तेरा रूप और सिकायत सुन मुझे कुछ दया आई है परंतु हे
भाई तैने अशुद्ध समझ सिकायत की है क्योंकि तू जानता होगा कि बिना श्रम यह आनंद औ-
र द्रव्य प्राप्त हुवा सो नहीं मैंने बहुतसी आपत्ति और दुःख सह पृथ्वीके भोगनको परमेश्वर
ने मुझे यह पदवी दी फिर सिंदबादने उस सभा वालोंसे कहा कि मुझपर बरसों अद्भुत २ हा-
ल उपार्जनको सुन तुम विस्मित होगे सात सफरमैंने धनप्राप्त होनेके कारण किये और प्र-
त्येक सफरमें बड़े २ दुःख और आपत्तिमें ग्रसित हुवा कहो तो तुम्हारे सन्मुख प्रगट करूं।
कि तुमको भी मेरी आपत्तियोंका वृत्तांत विदित हो फिर उसने अपने सेवकों से कहा कि।
हिंदबादके भारको जो कहेमें पड़ा है जहां कहीं कि वह कहे पहुंचा दो यह आज्ञा पाने है
उन्होंने हिंदबादके घर वह भार पहुंचा दिया सिंदबादने अपने पहिले सफरका वृत्तांत इ-
स भांति वरात वर्णन करना आरंभ किया ॥ सिंदबाद जहाज़ीके पहिले सफरका वृत्तांत ॥

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

सिंदबादने कहा मैंने अपने पिताकी थाती की यौवन अवस्थामें भोग बिलास आदिमें खर्च करा
डाला जब अपनी निर्बुद्धितासे चैतन्य हुवातो अत्यंत लज्जित हुवा और बहुतसी द्रव्यके खराब
करनेसे अत्यंत पश्चात्ताप किया बुद्धिमानों का यह वचन सत्यहै कि दरिद्रतासे कवरमें जाना
उत्तम है स्मरणकरता और अपनी दशा पर उसे ठीकहै और मेरा पिताभी कहा करता निदान शे
ष द्रव्यजोमेरे पास बचरहाथा इकट्ठाकर सबकोबेचा और दरियाई व्योपारियोंके निकट
जाय अपने हालके विषयमें वार्ताकी उन्होंने मुझे अच्छी सलाहदी मैंने तुरंत व्योपारकी
वस्तुमोलली और वहांसे उनसब व्योपारियोंके समान जहाज किराया कर चढा और ज
हाज़ वहांसे लंगरउठा पारस नदीकोदाहिनी और अरबके गई और फारस देशकेहै हिं
दके पूर्व औरचले उसनदीका अनुमान सत्तर मील चौड़ान औरदो सहस्र पांचसौ मील ल
म्बावथा और पूर्व और खारी नदीसे और दूसरी ओर अवासीन सेमिलाहुआथा मार्गमें मैं
कितने दिनों तक नदीके रोगों में ग्रसित रहा फिर नीरोगहो भली भांति अच्छाहोगया मा
र्गमें कईद्वीप मिले हमने अपनी वस्तुकोस्थान २ परबेचा और अदल बदल किया एक
दिन हमारा जहाज़ पालों परजाताथा अकस्मात् एकद्वीप जलपरहराभरा और बहुत सु
दर दृष्टि पड़ा कप्तानने उसे देखतेही खलासियोंको आज्ञा दीकि सब पालें जहाजकी उतारदो

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

तो और सबको आज्ञा दी कि जिसके जीमें आवे उस द्वीपमें जावे सो कई व्योपारी और में जो ज
हाजमें बैठे २ उकतागयेथे उस द्वीपके देखने को इच्छाकी और अपना खानाले कर जहा
ज़ से उतरे वह द्वीप कई बेर हिला यह देख जहाज़ी मनुष्योंने हमें बुलाया कि तुम तुरंत
पर चढ़ आओ यदि कुछभी देरको तो तुम सब डूब जाओगे क्योंकि जिसे तुमने द्वीप स
मझाहै वह बड़ी मछलीकी पीठहै हम इस वृत्तांतसे शोचितहुए और जो हममें से चत
र और शीघ्रगामीथे वह तुरंत पंचुर्योपर कूद चढ़ गए और कितने पैरकर चढ़गये प
रंतु मैं अकेला उस मछलीकी पीठपर रहगया यहां तक कि वह मछली डूबकी मार
नदीके भीतर चली गई मैं उसमें उस लकड़ी को कि जिसे जलानेको लायाथा हाथमें पक
ड़े हुए गया थोड़ी देरके पीछे कप्तान वायु अनुकूल पाय उन मनुष्यों सहित जो जहा
ज़ पर पहुंच गयेथे वहांसे जहाज़ का लंगर उठा चलामें संपूर्ण दिवस और रात्रिको उस।
अथाह जलमें वाहा कियादूसरे दिन भोरको थकगया और हाथ पावोंसे निर्बलहोगया
चाहताथाकि डूब जाऊंकि अकस्मात् एक लहरने मुझे उठाय तटपरडाल दिया परंतु
करारा वहां का ढलवां और ऊंचाथा वृक्षों की जड़ पकड़ बड़ी कठिनता और श्रमसे ख
शकीमें पहुंचा और शालहो मृतकके समान गिरा तब तक सूर्य उदय हुवा कि मैं ज्ञा।

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

सष्ट
१२९ थासे पीड़ित होफल और सागपानकी ढूंढमेंछुटनों चला और सभाग्य से एक सोतपर पहुं
चा हलांसे मिष्ठ फलतोडे पेटभरखाये और उसीसोते सेजल पियाकई हाएमें मुझमें च
लनेकी सामर्थ्य आगई मैं उस द्वीपमें इधर उधर फिरने लगा निदान मैने चलते फिरते
एक घोड़ा चरते देखामें उधरहीचला परंतु यह नजानताथा कि यह मेरे वास्ते अच्छा
होगा वानहीं वहां पहुंचकर उस अश्वकोरहुंटेसे बंधा देखामें उसकी सुंदरता देख
रहाथा पहले मनुष्यका शब्दपृथ्वीके भीतरसे सुनाई दिया फिरएक मनुष्य तुरंत नि
कल मेरे निकट आया और सब्बात कौनहै मैनेसम्पूर्ण अपनी आपत्ति औरदुःखका वृ
त्तांत प्रगट किया यहसुन वहमुझको खींच करतह खानेमें जिसमें सें वह मनुष्य नि
कलाथा लेगया वहां सब मुझे देख विस्मित हुये औरमें भीउनको देख आश्चर्यित हु
वा फिर मैने वहभोजन जो उन्होंने मुझे दियाथा खाया और उनसे पूछा कि तुम इस
उजाडमें क्यों आये और बैठक्या करतेहो उन्होंने उत्तर दियाकि हम अश्वपालकहैं बा
दशाह जोयहांके अधिपति हैं वह प्रत्येक वर्ष इन्हीं दिनों घोड़ियां लेकरदरियाई घो
डोंके बीछे लेने को इस स्थानपरभेजतेहैं और घोड़ियों को नदीके तट पर जब दरिया
ई घोड़ा भोग कर चाहताहै कियोड़ीको मारडाले तब हम यहां निकल शोरकरतेहैं व

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

है अब हमारा शाह स्त्रनडर कर फिरनदीमें चले जाते हैं और उसके बच्चे दरयाई बच्छे
ड़े कहाते हैं और वह बच्छोड़ा केवल बादशाह की सवारी के वास्ते रहताहैं कल हम
सब वस्तीको जावेंगे मैंने कहा मैंभी तुम्हारे साथ चलूंगा क्योंकि वह मनुष्य दूर रहते
थे मेरा वहां तक पहुंचना मार्ग बनाए बिना कठिनथा वह मनुष्य मुझसे यही बातेंकर
रहेथे कि इतने में घोड़ा नदीसे निकला और घोड़ीसे भोगकर चाहताथाकि उसे मारडाले
उन्होंने बड़ा शब्द किया फिर वह भाग करनदीमें जारहा दूसरे दिवस वह सब घोड़ियों
को लेकर नगरमें आये मैं भी उनके साथ नगरको गया वह मुझको बादशाह के सन्मुख
लेगये उसने मेरा वृत्तान्त पूछा कहाकि तू कौनहै और यहां क्योंकर आया मैंने अपना
सब हाल कहा उसने बहुत पश्चात्ताप किया और अपने दरबारके नौकरोंको आ
ज्ञादीकि इसमनुष्यको अच्छी तरह रक्खो और इसे किसी भांति का दुःख न पहुंचे सो
उन्होंने उसकी आज्ञानुसार मुझे बहुत आनंद से रक्खा मैं कि व्योपारीथा बहुत व्यो
पारियों से संगत रखताथा और प्रत्येक मनुष्यसे जो इस नगरमें आता बुगदाद नगरका
हाल इस इच्छासे पूछताकि किसी ऐसे मनुष्यसे मिलाप हो कि जिसके द्वारा अपने न
गरमें पहुंचूं हजूरको नगर बहुत बड़ा और सुंदरथा और प्रति दिवस देश २ के जहा

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

मश्र ज़ वहांपर आनेबऊया हिंद लोगोंसे मिलकरखुश होना इसी समयांतरमें अन्यदेशोंके
१२० बऊधा सवदागरहज्जूरको करदेने वाले मुझसे मिले वह सब हमारे देशकी रीति मुझसे
पूछते और मैं भी उनसे वहांकी अद्भुत २ बातें पूछता सोहज्जूरके राज्यमें एक सील ना
म द्वीपथा मैंनेसुनाकि वहांसे रात्रिदिवस ढोलका शब्द सुनाई देताहै जहाज़ वाले मनु
[127] ष्योंसे विदितऊवाकि उसद्वीपमें मुसल्मानों में एक मनुष्य नास्तिक दज्जाल अंतसमयमें उ
त्पन्नहोगाकि जब प्रलयको कुछ समयरह जावेगा तो कहेगा किमैंही परमेश्वरहूं औ
र उसकी आंख कानी होगी और गर्दभ परसवार होगामैं उसद्वीप कोभी देखने गया था
गमें मैंने सोहाथ किंतु दो २ सोहाथकी मछली देखीकि जिनके देखने सेभयमान हो
ताथा परंतु वह ऐसी उरपोक थी कि केवल नगाड़े का शब्द सुनते ही भागजाती एकप्र
कारकी मछली और देखीकि उसका मुख उल्लूकासा और लंबाईमें एक हाथसे अ
धिक नथी एकदिनमें उस नगरके किसी बंदरमें खड़ाथा किएक जहाज़का वहांलंग
रऊआ और सम्पूर्ण व्योपारी अपनी २ असबाबकी गठरियां जहाज़से उतार कर नगर
मेंबेचनेकोले जाने लगे अकस्मात् एकगठरी परमेरी दृष्टि पड़ी कि उसपर मेरानामलि
खाथा मैंने उसेपहिचानाकि यहवही गठरीहै जिसको मैंने वांसराके जहाज़ परलादा

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

था फिरमैं कप्तानके निकटगयाकि वह उसकेदेखा जानताथा और पूछा कियह गठरियांकि
सकीहैं उसने उत्तर दियाकि हमारे साथ बुगदाद नगरका बासी सिंदबाद नाम बेपारीथा ज
ब हम एक द्वीपके समीप पहुंचे बहुत से बेपारी उस द्वीप समझ उसपर गए परंतु वह
असलमें टापू न था वह समुद्रका बड़ा मत्स जलपर सोताथा जब उन्होंने रसोई बनाने
के निमित्त उसकी पीठपर आग जलाई वह पहिले अग्निकी गर्मीसे हिली फिर समुद्र
में चलीगई बहुतसे मनुष्य उसकी पीठपरथे डूबे तो पन्सोइयों पर और डूबे पैरा
के जहाज़ पर पहुंचे परंतु एक बेपारीकि जिसका नाम सिंदबाद था जहाज पर पहुं
चन सका और समुद्रमें डूबगया यह गठरीयां उसी कीहैं अब इनको इस द्वीपमें बेचूं
गा और असल नफ़ा जो हुआकि धाम होगा बुगदादमें पहुंचकर उसके परिवारको दूं
गा मैंने कप्तानसे कहा सिंदबाद जिसको तुम मुवा जानते हो मैंहीहूं और यह गठ
रियां मेरीहैं इस वचनको सुन कप्तानने कहा बाहमें किस भांतितेरा बिश्वास करूं
कि तू सिंदबादहै क्योंकि मनुष्योंने झूटबोलना और छल करना बहुत सीखलिया
है मैंने अपने नेत्रोंसे देख लियाथाकि वह समुद्र मेंडूब गया और बहुतसे मनुष्य इ
स जहाजके साक्षीहैं अबतूने अपनेको सिंदबाद बनायाहै तूतोबहुत अच्छा औ

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

सप्त
१२८
128

रनिश्छल ज्ञान प्रगटता है परंतु तुझे यह क्या हुआ कि छल से दूसरे का धन अपना बनाता
है मैने कहा कुछ शोच विचार के मेरी बात सुनो उसने कहा कि तू क्या कहता है फिर मै
ने अपना संपूर्ण वृत्तांत जिस भांति कि मैं जीता बचकर निकला था और जिस प्रकार इस
द्वीप में आकर बादशाह से मिला था वर्णन किया यह सुन पहिले तो आश्चर्यित हुआ फि
र बड़े ध्यान और विचार से मुझे देख पहिचाना और सब व्यापारियों ने भी मुझे पहिचान सा
क्षी दी कि सिंदबाद यही है फिर मुझे जीता देख सब धन्यबाद देने लगे और कप्तान ने
कंठ से लगाय कहा परमेश्वर का धन्यबाद है कि ऐसे बड़े दुख से तुम छूटे और तुम को कु
शल पूर्वक देख मैं अत्यंत प्रसन्न हुआ यह तेरा माल है अपनी गठरियों को पहिचान ले तुझे
उनके बदलने और बेचने का अधिकार है मैने उस कप्तान के सत्यता की बड़ी प्रशंसा क
र कहा कि इस धन में से तुम भी थोड़ा सा लो परंतु उसने न लिया सब का सब मुझे दे दि
या फिर मैने उन गठरियों में से कुछ वस्तु बहुमूल्य और अच्छी २ चुनकर बादशा
ह को दी बादशाह ने सब्बा तने इस असबाब को कहां से पाया मैने उससे अपनी गठ
रियों के पाने का हाल विस्तार पूर्वक प्रगट किया यह सुनकर वह अत्यंत हर्षित हुआ और
मेरी वस्तु को कि भेंट की थी पर उसी स्वीकार किया उसके बदले मुझे उन वस्तु ओं से

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

अधिक द्रव्यादिया फिरमैं उससे बिदाहोय अपने जहाज़ परचढ़ा औरशेषवस्तुको उसदेश
की वस्तु अर्थात् संदल आबनूस कापूर जायफल लौंग कालीमिरच आदिसेबदला व
हांसेचल और २ द्वीपों मेंगया निदान बंदर बोसरोमें पहुँचमें जहाजसे उतरा फिरवहां
से खुश्कीके मार्गसे वहां आया उस यात्रामें नफे लक्ष्य मुद्रा लाभहुई अपने नातेदारों
दोरों औरपरिवार सेमिल अत्यन्त प्रसन्नहुआ बहुतसी बांटदियां औरसेवक औरबड़ा मह
ल मोललेनबड़े आनंद औरप्रसन्नतासे रहने लगा यहां तककि प्रदेशके दुःखोंको भूल
गयासिंदबादने यहांतक अपना वृत्तान्त प्रगटकरगाने बजाने वालों कोगाने की आज्ञादी
क्योंकि इसकथामें गाना बजाना होताथाफिरवह सब भोजन करनेलगे इतनेमें रात्रिहो
गई सिंदबादने एकथैली ४००० रु०की मंगवाय हिंदबाद मजदूरको दी और कहा इ
स समयमेंतुम अपने गृहपधारो कल फिरउसी समय मेरे वृत्तान्त सुननेको यहां आना
हिंदबाद जोइस प्रीति और द्रव्यके पानेसे जोकभी आंखसे भीनदेखिया अत्यन्त प्रसन्नहुआ
औरउसकी कृतज्ञताकर अपने गृहमें आया और यह वृत्तान्त अपनेस्त्री पुत्रोंसे प्रकटकिया
वह भीपरमेश्वरका धन्यवाद करने लगे किईश्वरने सिंदबादके द्वारा हमारी निर्धनता परकृपा
दृष्टिकी दूसरे दिवस हिंदबाद अच्छे २ वस्त्र पहिनफिर सिंदबादके गृहमें आया वह दि

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

सप्त. देवादको देखहर्षित हुआ और मुसकरा कर दोमकशाल पृथ्वी फिर जब संपूर्ण मित्र और
१२९ अतिथि सिंदबादके इकट्ठे हुए तब नियमानुसार नानाप्रकारके भोजन चुने गये वह सब
खाने लगे जब सब भोजन कर चुके सिंदबादने कहा हे मित्रो चित्तलगाय द्वितीय यात्राका
129 वृत्तांत सुनो यह भी पहिलेके समान श्रवणके योग्य है वह सब चुप हुये और उसको ध्या
न दिया सिंदबादने अपनी दूसरी यात्रा का हाल इस भांति वर्णन करना आरंभ किया
सिंदबाद जहाजीके द्वितीय यात्राका वृत्तांत हे मित्रो उन दुःखों और आपत्तियोंके कारण
जो सफरपर प्रथम यात्रापर पड़ीथी अपने चित्तमें प्रण किया था कि फिर कभी सफरका
नामभी न लूं और अपने नगरमें आनंद पूर्वक चैनसे रहूं परंतु अकार्य बैठे रहने से मैं
उदास रहने लगा निदान घबड़ा कर चाहा कि फिर कर नवीन नगरों और देशों को देखूं
और इस समयके नदियोंको उत्तम आश्चर्य २ वस्तु देखूं यह दृढ इच्छा चित्तमें ठहरा
य मैने बहुतसी नाना प्रकारकी लाभकारी व्यौपारकी वस्तु मोल ली और उन व्यापारियोंके
साथकि जिनका मुझे विश्वासथा साथही लिया और एक अच्छे जहाजपर सवार हुआ औ
र हम सबने अपने को सामर्थ्यवान परमेश्वरको सौंप जहाजका लंगर उठाया मार्गमें हम
सब द्वीपों को देखते २ और व्यौपारकी वस्तु को बेचते बदलतेथे एक दिवस हम एक द्वीपमें

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

कि बहुत उत्तम और सुंदर और फलयुक्त वृक्षों से भरा हुआ था जहाज से उतर कर गए परंतु
वह स्थान उजाड़ और निर्जन था मनुष्य नौका किंवा पक्षी का भी चिन्ह दृष्टि न पड़ता था मे
रे साथ के संसर्गी लोग फल तोड़ २ इकट्ठे करते थे और मैं एक छोटे से सोते पर कि जहां ब
हुत से सघन वृक्ष लगे हुए थे छाया में बैठ गया और भोजन जो अपने साथ ले गया था खा
ने लगा और कुछ मदिरा पी उस सोते पर अचेत सो गया इतनी देर तक वहां सोया रहा कि
जिसकी संख्या मैं नहीं कर सकता जब जगा जहाज वहां से खुल बहुत दूर निकल गया था
अपने साथियों में से किसी को वहां न पाया वह सब जहाज पर चढ़ गए थे जहाज की सब
पालें खुली हुई थीं क्षण भर में मेरी दृष्टि से गुप्त हो गया मैं उस समय के दुःख का वृत्तांत न
हीं कह सकता कि उस उजाड़ खंड में मेरी क्या दशा हुई निकट था कि इस शोक में मेरे घ
ट से प्राण निकल जावें हा २ कर रुदन करने लगा और सिर पीट २ पृथ्वी पर गिरा बहुत
देर तक शोक रूपी समुद्र में डूबा हुआ अपने को सहस्रों धिक्कार और बुरा भला कहने ल
गा कि पहिली यात्रा की आपत्ति थोड़ी क्या कम थी कि दूसरा सफर तूने किया फिर नये सि
र से आपत्ति में पड़ा परंतु वह सब व्यर्थ था निदान परमेश्वर को स्मरण करता २ वहां से उ
ठा और अचेत आश्चर्यित था कि क्या करूं और कहां जाऊं फिर एक ऊंचे वृक्ष पर चढ़ चारों

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

स१ और देखा कि कहीं रात्रिको रहनेका स्थान मिले परंतु जलही जल और आकाश दृष्टि पड़ा
१३· थोड़ी देरके पश्चात् खुश्कीमें एक बहुत बड़ी और श्वेत वस्तु दूरसे मुझे दृष्टि पड़ी मैं उस
वृक्षसे उतर शेष भोजन जो मेरे पास बच रहाथा लेकर उस श्वेत वस्तुकी ओर जो बहुत दूर
था और विचार में न आती थी चला उसके समीप पहुंच देखा कि वह गुम्बदकी तरह गो
ल और बड़ी है और छूने से बहुत चिकना फिसलनी ज्ञात पड़ती है फिर मैं उसके चा
रों ओर फिरा कि कोई दरवाजा देख पड़े परंतु वह चारों ओरसे बंद था और उसका घेरा अ
नुमान पचास कदमके देख पड़ा इतने में सूर्यास्तका समय हुवा और तत्काल चारों ओ
र अंधियारा सा बदलीके समान घिर आया मैं उस अंधियारेको देख अत्यंत विस्मित हुवा
और एक बड़ी भारी चिड़ियाको देख अधिक त्रसित हुवा कि वह मेरी ओर उड़ी चली आ
ती है मुझे जहाजियोंका वचन स्मर्ण हुवा कि एक रुख नाम पक्षी बहुत बड़ा होता है
मुझे जहाजियोंका वचनसे जिसे हिंदीमें गरुड़ कहते हैं मैने समझा यह गोल श्वेत
वस्तु उसका अंडा है सो यही विचार मेरा ठीक हुवा वह पक्षी अंडा सेनेको वहां आताथी।
वह गोला उसका अंडाथा एक पंजा आकर मेरे समीप पड़ा प्रत्येक नाखून उसका एक ब
ड़े वृक्षकी जड़के समान था अपने को उसके नाखूनमें पगड़ीसे अच्छी भांति दृढ़ बांधा

130

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

और यह शोचा कि कल भोरको जब यह पक्षी यहांसे उड़ैगा मुझे इस उजाड़ द्वीपसे निका-
ल किसि दूसरी ओर ले जायगा निदान दूसरे दिन भोरको वह पक्षी वहांसे उड़ा और इतना
ऊंचे गया कि जहांसे पृथ्वी किंचित् न दृष्टि पड़ती थी फिर क्षणभरमें किसी बनमें जाय
उतरा मैं तुरंत अपनेको उसके पांवसे खोल अलग हुआ मेरे अलग होतेही वह एक अ-
जदहे पर कि बहुत बड़ा था जायगिरा और उसको अपने चोंचमें पकड़ ले उड़ा और वह स्था-
न जहां कि उस पक्षीने मुझे छोड़ा था बहुत गहरी और ढलवी एक पहाड़ की खोह थी
और चारों ओर उसके बड़े २ पहाड़ थे ऊंचे नीचे होनेके कारण किसी मनुष्य की शक्ति न थी
कि उसपर चढ़ सके यह स्थान प्रथमसे भी अधिक भयानक और बुरा था फिर मैंने उसखो-
पाट बनमें चारों ओर हीरेके टुकड़े फैले हुए देखे और कोई २ इतने बड़े थे कि जिनको दे-
खमें अचंभित हुआ थोड़ेसे बड़े २ टुकड़े इकट्टे कर कपड़ेमें बांध लिये परन्तु बड़े अ-
जदहों के देखने से वह प्रसन्नता जो मुझे हीरों के मिलने से हुई थी विस्मरण हो गई वह
सर्प इतने बड़े थे कि उनमें से छोटासा भी हाथीको सुगमतासे निगल लेवे दिन भर वह रु-
ख पक्षीके भयसे कि वह उनके प्राणका बैरी है पहाड़ों की खोहमें छिपे रहते केवल रात्रि
को निकल कर फिरते मैं दिनभर उस उजाड़ खंडमें फिरा करता और जहां उत्तम स्थान पा

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

ता वहीं बैठ रहजाता जब सूर्य अस्त हुए तब मैं एक छोटी सी खोहमें जाय छिपा और उसके मुखको पत्थरोंसे बंद किया कि कोई सर्प न जासके केवल प्रकाश जानेको एक छोटासा छिद्र रहने दिया और भोजन निकाल खानेलगा इतनेमें सर्पोंने निकलना और शब्द करना प्रारम्भ किया तो उनके भयानक शब्द सुननेमें तुरके कंपित हुवा निदान मुझको इस भयसे निद्रा न आई जागकर यथावस्थित अपनी रक्षा करता रहा यहांतक कि भोर हुवा और वह सर्प कंदरोंमें घुसगए मैं उस स्थानसे कि जहां छिपा था निकल आया उन सर्पोंसे मैं इतना भयभीत था कि हीरोंको देख प्रसन्न न होता और रात्रिको कि मैं डरके मारे सोया न था थोड़ासा भोजनकर शयनके विचारसे लेट रहा ज्योंही मेरी आंख लगी त्योंही एक वस्तु कूदकर मेरे निकट आय गिरी कि जिसके शब्दसे मैं जागपड़ा जब उसको ध्यानकर देखा तो एक बड़ासा नवीन मांसका लोथड़ा दृष्टि पड़ा क्षणभरमें चारों ओर पहाड़ोंके मांससे बड़े बड़े खंड उस स्थानपर गिरने लगे उन्हें देखमैं विस्मित हुवा थोड़ी देरके पश्चात् मुझे जहाजियोंका बचन स्मरण हो आया कि एक स्थान पर हीरोंकी खानहै और व्योपारी पर्वतों पर जाय इस उपायसे हीरे लातेहैं मुझे इस वचनका विश्वास हुवा वह उपाय यह है कि व्योपारी उन पहाड़ों पर जो उस पर्वतके चारों ओरहैं उस ऋतुमें जातेहैं जिन दिनोंमें गिद्ध अंडे बच्चे देतेहैं और बड़े २ मांसके उ

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

कड़े नीचेको फेंकतेहैं और उन टुकड़ोंसे लसहोनेके कारण हीरेके टुकड़े लगजातेहैं बड़े ब
ड़े वहां गिद्ध वह टुकड़े मांसके अपने घोसलोंमें कि पहाड़ोंकी चोटियों परहोतेहैं लेजाय अ
पने बच्चोंको खिलातेहैं और व्योपारी उन गिद्धोंके लौटतेही उनके घोसलोंसे डराकर वह खंड
मांसके ले लिया करतेहैं इस उपायसे उस पहाड़ के दर्रेसे वह हीरे हाथ लगतेहैं और वह प
हाड़का दर्रा ऐसा गहरा और बेढब था कि कितनाही मैंने विचारा किसी भांति दूसरी ओर नि
कलने परंतु निकलनेका मार्ग न मिला मैं उसपहाड़की कंदरा को कबर समझे भयेथा परं
तु वह मांसका लोथड़ा देखकर मुझे कुछ धैर्य हुवा और समझा कि इसी उपायसे यहांसे
निकलूंगा फिरमैंने अपने चर्मके तोशेदानमें कि जिसमें रोटी और अन्न भोजन रक्खा क
रताथा उसमें बड़े बड़े टुकड़े हीरेके चुनकर भरलिये फिरमैंने एक बड़े मांसके खंड
को अपने संपूर्ण शरीरसे लपेट पगड़ीसे उसे भली भांति बांधलिया और उस तोशेदानको
जिसमें हीरे बंधेथे रक्षापूर्वक कमरमें लपेटलिया और अपनेको पृथ्वीपर डालदिया एक
क्षण व्यतीत न हुवाथा कि गिद्धोंने पहाड़से उसस्थानपर उतरना आरंभकिया और एक बड़ा
गिद्ध उस मांसके खंडको जिसे मैंने अपने शरीरसे लपेटाथा अपने पंजोंमें पकड़ले उड़ा औ
र पहाड़की चोटीपर लेजाय अपने घोसलेमें रक्खा व्योपारी बहुत चिल्लाये वह गिद्ध वहां

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

से डरके उड़गया उनब्योपारियोंमें से एकवहांआया औरमुझेदेखके कुछकहे सुनेबिना कित्तकौ
नहे औरकौं यहां आयाहै क्रोधकरनेलगा मैंने उससेकहाकि जबयह जानोगे किमैं यहांकैसे
आया औरकौनहूं तब मुझ परदया करोगे तुमनिश्चय मानो जितनेकि मेरेपास हीरेहैं वह
सबतुमको दूंगा उनके मोलके तुम्हारे हीरे कब पहुंचेंगे मैं उनको पर्वतकी कंदरा सेबु
नकरलायाहूं वह सब इसचर्मकी थैलीमें वर्तमानहैं देखलो यह कह वह थैलीमैंनेउसे
दिखाई इतनेमें समस्त ब्योपारी आयमिले चारों ओर रुकेहैं ज्यउनसे भी मैंनेउसी भांति अपनावृ
तांतउस यत्नसे किमैं वहां पहुंचाथा वर्णनकिया यह सुन उन्होंने अचंभो किया फिरमुझके अ।
पने साथलेकर वहांगये जहांवह सब रहतेथे और मेरेहीरेदेख आश्चर्यित हुए और कह
नेलगेकि इतने बड़े हीरे आजतक हमनेन देखेथे निदान मैंनेउसब्योपारीसे कि जिसके डे
रेमेंमें आयाथा कहा इसमेंसे जितने चाहो हीरे पसंदकरके लेलो मुझको किंचित् पश्चा।
तापन होगा उसने कहा मुझे कुछदरकार नहीं मैंनलूंगा परंतु जबमैंनेबहुत कुछकहा।
तो उसने उनमेंसे एकबड़ा हीरा और कई छोटे२ लेलिये और कहाकि यह मेरी संपूर्ण आ
युको बहुतहै फिरमुझके दूसरी बेरयात्राकी आवश्यकता नहोगी यह नियमथा कि प्रत्येक
ब्योपारी एक२ बार२ गिद्धोंकेघोसले हीरेलेनेको नियतकरलेता दूसरे घोसलेमें नजाता।

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

और उससे कुछ प्रयोजन न रखकर फिर रात्रिकोमें उन ब्योपारियों के साथ सो रहा और अपने दु
खोंनको दूसरीबेर उनसे कह सुनाया और भयमान स्थानसे बचकर ऐसा हर्षित हुआ कि जिसका व
र्णन नहीं हो सक्ता और विचारता था कि यह धन तो है वास्ते दूसरे दिवस उन्हीं सब ब्योपारियों स
हित जहां वे बड़े २ सर्प थे दूसरा द्वीपमें आया यदि भाग्य अच्छे थे मार्गमें सर्पोंसे हमें कुछ भी
दुःख न पहुंचा दूसरा द्वीपमें एक वृक्षसे काफ़ूर निकलता है उसको एक टहनी छुरीसे काट
तेहैं उसमें से कुछ रस सा बहकर एक पात्रमें इकट्ठा हो जम जाता है वही जमा हुआ काफ़ूर क
हलाता है फिर वह टहनी सूख कर सूख जाती है और वह वृक्ष इतना बड़ा है कि सौ मनु
ष्य उसकी छायामें भली भांति बैठ सक्तेहैं और उस द्वीपमें एक पशु गैंडा हाथीसे छोटा
और भैंस से बड़ा उत्पन्न होता है उसको नाम पर एक सींग एक हाथके बराबर भीतरसे ठोस
होता है और उस सींगके ऊपर श्वेत चित्र मनुष्यका दिखाई देता है वह गैंडा बड़या हाथी के
पेटमें सींग चुभाकर उसको अपने शिरपर उठा लेता है परन्तु रुधिर और मज्जाके कारणके
हाथीके पेटमें बहकर उसकी आंखोंपर पड़ता है तो अंधा होजाता है उसी दशामें रुख आ
कर उस गैंडेको हाथी समेत पंजोंमें पकड़ले जाता है और अपने बच्चोंको उसका मांस खि
लाता है फिर मैं वहांसे और बहुतसे द्वीपोंमें गया और उन द्वीपोंमें अपने हीरोंसे उत्तम उत्तम

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

133

बहु मूल्य वस्तु जो वहां पैदा होती थी बदली इसी भांति बहुत से नगर और बंदरों में होता हुआ
बांसरा में और वहां से बुगदाद को पहुंचा और बहुत से अभ्यागत और याचकों को अपना धन
कि बड़े २ परिश्रम से पैदा किया था दे अयाचक किया जब सिंदबाद अपनी दूसरी यात्रा का वृ
त्तांत भी प्रगट कर चुका उसने ४०० रु० हिंदबाद को देकर विदा किया और कहा कल फिर इसी स
मय आय मेरी तृतीय यात्रा का हाल सुनना सो हिंदबाद और सब अतिथि और सभासिंदबा
द से बिदा हुये और तृतीय दिवस फिर उसी नियत समय पर सब आये सभों ने सिंदबाद के साथ
दुपहर का भोजन किया जब खा चुके सिंदबाद ने कहा मित्रो चित्त लगाय मेरी तृतीय यात्रा का हा
ल सुनो फिर उसने इस भांति वर्णन किया ॥ सिंदबाद जहाजी की तीसरी यात्रा का वृत्तांत मैं उ
न आपत्ति और दुःखों को जो मैंने दो यात्राओं में भोग की थी आनंद और मंगल के कारण भू
ल गया यहां तक कि फिर तयारी सफर की कर बुगदाद से चला और व्यापार की वस्तु वहां से
मोल ले बांसरा को ले चला और अनेक व्यापारियों के सम्मत से जहाज पर सवार हुआ और एक बड़ा
सफर किया और कई द्वीपों में असबाब बेच बहुत लाभ उठाया एक दिन परमेश्वर की इच्छा
से हमारा जहाज तूफान में पड़ा जिससे ठीक रस्ता छूट गया कई दिवस के पश्चात् हम एक द्वी
प में पहुंचे वहां हमने किसी आवश्यकता पर जहाज को लंगर किया और पाल उतार डाली

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

कप्तान चारोंओर उसद्वीपकेदेखने लगा और आंखभर सबजहाजियोंसे कहनेलगा इस
द्वीपके निकट वनवासियोंके द्वीपहैं जिनके शरीर परलालबालहैं औरवह मनुष्य जहाजि
योंकेदुख देनेवालेहैं यद्यपिवह हमसे छोटेहैं परंतु हमउनका सामना नहीं करसके क्यों
कि वह बहुतसेहैं जोहम उनमें से एकको मार डालेंतोवह चींटियोंकी तरह चारों ओरसे एक
हे होकर हम सबको मारडालेंगे हम सब जहाजीकप्तानके मुखसे इसबातकोसुन बहुत
डेर औरघबराये थोड़ी देरके पीछेहमने वहीदेखाजो कप्तानने कहाथा अर्थात् एकवन
वासियोंका समूह जिनका शरीरबालोंसे छिपाहुआथा और सवागज लंबेथे हमारे ओर
दौड़े और समुद्रमें पैर२ के जहाजको चारों ओरसे घेरलिया औरकुछ हमसे बोले परंतु
हम कुछन समझतेथे फिरवह जहाजके किनारों और रस्सियों परइसचतुरतासेचढ़
आयेकि उनके पांवरस्सियों परलगतेन देखपड़तेथे उससमयके हमारेदुखको विचारना।
चाहिये कि किसीभांतिसे उनवनवासियोंसे हम अपनीरक्षानकर सके औरन उनके हटा
ने को हममें शक्ति थी निदान उन्होंने पालोंकोबांधदिया औरलंगरकी रस्सी काटजहाज
को तटपरखेंचलाये और हम सबको जहाजसे उतारा औरउस द्वीपमें जहांसेकि वह आ।
येथे घेरकेलेगये सबजहाजी उसद्वीपसे बहुतडरतेहैं उसकेनिकट नहीं आते परंतु ह

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

सप्र म अभाग्यतासे उनके हाथ पकड़े गयेथे हमने उस द्वीपसे फल बहुतसे पाये उन्होंको हम
१३५ खाकर जीतेथे और जानतेथे कि हम सब मारे जावेंगे फिर वह बनवासी हम कोचेर एक व
ड़े भारी गृहमें कि जिसका किवाड़ भिड़ा हुआ आयालगये वहां हमने मनुष्योंकी अस्थियों
का बड़ा भारी ढेर और कई बड़े २ लोहके सीखचे मांस भूननेके रक्खे झपटदेख ज्योंही ह
139 मने वह सीखें देखी मूर्छित होकर पृथ्वी पर पड़े बहुतकाल पर्य्यंत भयसे वहां पड़े र
हे इतने में रात्रिभई और हम रोने लगे अकस्मात् वह दरवाजा खुला जिससे बड़ा शब्द हुवा
हम सब डरगये और उठ बैठे एक क्षणमें भीतरसे एक आदमी काला और विकराल ह
पहुए खजुर के वृक्ष ताड़के वृक्षके समान बहुत लंबा मनुष्य बाहर निकला जिसके ललाट
पर केवल एक नेत्र था जो अंगारेके समान लाल दहकता था और आगेके दांत उसके
कटीले और मुखसे बाहर निकलेथे और नीचका होंट उसका छातीतक लटकता था
कर्ण उसके हाथीके कानके बराबर चौड़े उसके कंधोंको ढाके हुयेथे और नख उ
सके ऐसे गोल और टेढ़ेथे जैसे शिकारी पक्षियोंके होते हैं हम सब उस राक्षसको
देख फिर मूर्छा वश हुये और चिरकाल एक मृतकोंके समान पड़े रहे जब होशमें आ
येतो उस राक्षसको देखा कि ड्योढ़ीमें आकर खड़ा हुवा हमें विचारता है फिर अच्छी।

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

तरह देख आगे आया और हर एकको हममेंसे उठा और घुमाके देखने लगा जैसे कसाई
बकरी और भेड़ियों का शिर पकड़ उनकी मोटाई को देखता है सबके प्रथम उसने मुझे
पकड़के देखा परंतु मुझमें दुर्बलतासे केवल अस्थि और चर्म पाया इसवास्ते मुझे छो
ड़ दिया और इसीभांति प्रत्येकको देखता और टटोलता रहा फिर कप्तान तक पहुंचा व
ह औरोंकी अपेक्षा अधिक स्थूल पुष्ट था एक हाथसे पकड़ और दूसरे हाथसे लोहकी
सीखको उठा उसके शरीरमें ऐसी चुभाई कि दूसरी ओरसे निकल आई फिर उसने बहु
तसी आग जलाई तो उसे भूनखाया और उठबैठीमें जायसो रहा इसवेगसे वह खर्राटे भरता
था कि जैसे बादल गरजता है भोरतक वह वहींसोता रहा हम सब रात्रिभर भयसे कांप
ते रहे फिर वह दिनचढ़े जगा और वहांसे उठ बाहर गया और हमें वहीं छोड़गया जब हम
ने जाना कि वह बहुत दूर वहांसे निकलगया तो हम फिर उसी भांति रुदन करने लगे जि
ससे वह गृह हमारे रोनेके शब्दसे भरगया यद्यपि हम बहुतसे मनुष्य थे और वह अकेला
राक्षस हमारा बैरी था परंतु कोई उपाय न सफलता था कि उसे वधें निदान हम सबने अपने
को परमेश्वरको सौंपा और उसकी इच्छा पर प्रसन्न रहे दिनभर उस द्वीपमें चल फिर व्यतीत
किया और फल फलारी घास पत्तो उस द्वीपसे तोड़ कर खाई जब रात्रि हुई हमने चाहा कि

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

स॰ग्र सोहसरे स्थानपर कि जहां सरदी का बचाव होरहे परंतु उस गृहके सिवाय और कोई स्था
१२५ न न मिला निदान उसी गृहमें आय बैठरहे रात्रिको वही राक्षस उस गृहमें आया और हमा
रे साथियोंमें से एक मनुष्यको कि सबसे मोटाथा भूनके खागया और डेवढ़ीमें सोरहा दूसरे
135 दिन भोरको जब वह जगकर बाहर गया मेरे साथियोंने चाहा कि समुद्रमें डूबमरें कि इस प्र
कारकी मृत्युसे डूबना उत्तम है परंतु एकने उस समूहमेंसे कहा मुसल्मानों को न चाहिये।
कि अपने हाथसे अपनेको मारें कोई ऐसा उपाय करो जिससे उस राक्षससे बचें उसके कहने
पर वह सब अपनी उस इच्छासे कि समुद्रमें डूब मरें हट गये और कुछ अपने चित्तमें उपाय
विचारने लगे यहांतक कि मैंने अपने चित्तमें एक वस्तु ठहराके उनसे कहा कि भाइयो तुम
देखते हो कि इस खारी समुद्रके तटपर बहुतसी लकड़ियां और तख्ते और रस्सियां पड़ी हैं
हम सब पांच चार नाव छोटी २ बनाकर किसी उत्तम स्थानमें रक्खें अवकाश पाकर उनपर
चढ़के इस स्थानसे किसी दूसरी ओर चलें जो परमेश्वर चाहे तो इस दुःखसे छूटें यदि हम स
मुद्रमें डूब जावें तो उत्तम है कि हम इस राक्षसके भक्ष हों निदान मेरे इस उपायको सबने प
संद किया और हम सबने मिलकर तुरंत थोड़ी सी नावें इतनी बड़ी बनाईं कि जिसमें ती
न मनुष्य सुगमतासे समासकें फिर संध्याको हम सब उस भवनमें गये और उस राक्षसने दू

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

म सबमें से ओर एक को पकड़ सर्ववत् भोजन किया ओर सो रहा जब हमने उसके खर्राटों का
शब्द सुना तो मनुष्य जो हममें से अंमत प्रवीण ओर चतुर थे ओर दस थे मैंने एक २ सीखचों है
की उठाकर अग्निपर रक्खी जब वह सीखें लाल होगईं तो हमने उनको उठाकर एक २ कर उ
स राक्षसकी आंखपर रखना आरंभ किया यहांतक कि उसे अंधा कर डाला वह राक्षस पीड़ा
से बहुत चिल्लाया ओर बड़ा शब्दकर दाहने गये अपने हाथों को फैलाया कि जो हममें से कि
सीको पावे तो उस क्रोधमें उसे कच्चाही खाजावे परंतु हमसब उससे दूर भागते फिरते थे
ओर ऐसे स्थानपर जाकर ठहरते कि जहां वह न पहुंच सकता विदान जब उसने हमको न पा
या तब दरवाजेसे निकलकर पीड़ासे बैलकी भांति चिल्लाने लगा हमसब उसे वहीं छोड़ स
मुद्रके कूल परभाग आये ओ उन नावों पर जिनको हमने पहिलेसे बना रक्खा था चढ़ ओ
र चाहते थे कि दिन होतेही वहांसे उन नावोंको समुद्रमें ले जाय खिवेंगे भोर होतेही उस रा
क्षस को दो राक्षस हाथ पकड़े समुद्रके तटपर लाये ओर उन दो राक्षसोंके सिवाय ओर कई रा
क्षस उसके आगे २ दौड़े २ चले आते थे उन्हें देखतेही हम सब उन नावों को समुद्रमें जलब
ड़े बेग से खिने ओर अंडे मारने लगे वह राक्षस हमको अपने से बाहर पाकर बड़ी २ शिला ना
वोंके ओर फेंकने लगे यहांतक कि शिला मार के सब नावें डबोदी केवल एक नाव जिसप

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

स७ रकिमें और दो मेरे साथी सवार थे बच रहे हम उसको बड़े वेगसे खेकर इतनी दूर निकाल लेग
१३८ ये कि जहां उनको शिलान पहुंच सक्ती थी जब हमारी नाव खुलोगई समुद्रमें पहुंचगई वा
युके वेग और लहरोंके कारण ऊपर नीचे होने लगी इसी दशामें एक रात्रि दिवस रहे निदान दू
136 सरे दिन प्रभातको एक द्वीपमें पहुंचे फिर हम तीनों मनुष्य प्रसन्नता से उस द्वीपमें गये और व
हांके कुछ फल खाये तो कुछ हममें शक्ति और सामर्थ्य हुई और रात्रिको उस खारी समु
द्रके तटपर सो रहे अकस्मात् सर्पकी खरखराहट सुनी जो वह नारियल वृक्षके समान
लंबाथा मेरी आंख खुल गई वह आनेही एकको हमारे साथियोंमें से पकड़ इसतरह खाने
लगा कि पहिले उसने उसको तोड़ा और मरोड़ा फिर उसको पृथ्वीपर गिराया फिर तोड़ क
र खोगयामें यह देख बहुत डरा और दूसरे साथी समेत वहांसे भाग बहुत दूर जाकर ठहरा
उसपरभी उस मनुष्यको अस्थिका शब्द जिसको वह समूचा खा गयाथा और फिर उगलता
था सुनाई पड़ताथा निदान वह रात बड़े भय और दुःखमें कटी दिनको मैंने कहा है परमेश्वर
कल हम राक्षसके हाथसे छूटे और आज हम इस सर्पके चंगुलमें पड़े इसीभांति उस दिवस
को बड़े शोच विचारमें व्यतीत किया और संध्याको थोड़ेसे बनके फल खा एक ऊंचे वृक्षपर
जिसको हमने दिनमें देख रक्खाथा चढ़गये एक क्षणके पश्चात् हमको उसी सर्पका शब्द

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

उसी दरख्तके नीचे रहना पड़ा फिर देखा कि उसकी जड़पर पहुंच मेरे साथीको कि वह बहुत ऊंचे
न चढ़ सकाथा पकड़के निगल गया और वहांसे चलदिया मैं उसदरख्त परसे उसको देखकर रहा फि
र दिनचढ़े वहांसे अधमरा होके उतरा और मुझे विश्वास हुवा कि आजकी रात अचढ़े वहांसे
अधमरा होके उतरा और मुझे विश्वास हुवा कि आजकी रात अवश्य सर्पका भक्ष हूंगा मैंभी
उसकी दशापर चढ़ चुकाहूं वह मुझे अवश्य खाजावेगा फिर अपने जीवनसे निराश हो समुद्र
की ओर जानेकी इच्छा की कि वहां जाकर डूब मरूंगा परंतु इस दशामें प्राणप्यारे होते हैं न डू
बा और अपनेको परमेश्वरको सौंप उस सर्पसे बचनेका उपाय शोच बहुतसे काष्ठ और कांटेइ
कट्ठे किये और बोझ बांध २ कर उसदरख्तके चारों ओर रक्खे और कुछ टट्टीके समान बना
या उसदरख्तके चारों ओर बांधे कि मैं टट्टियोंकी आड़में न दीख पड़ूं जब रात्रि भई तो मैं उसदरख्त
पर जाय छिप रहा और वह सर्प आय चारों ओर उसदरख्तके फिरा परंतु किसी ओर कांटोंके
कारण जो मैंने भटकी चारदीवारी की तरह बनाईथी भीतर आनेका मार्ग न पाया सम्पूर्ण नि
शा वह मेरी घातमें लगा रहा जैसे बिल्ली चूहेकी घातमें लगी रहती है निदान दिन होतेही व
हांसे चलागया और मैं सम्पूर्ण रात्रिके जगने और सर्पकी गर्म फुंकारोंसे मैं उस समय कुछ
बेकल और घबरा गयाथा इस जीनेसे मरना अच्छा समझताथा निदान इस जीवनसे तंग होक

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

र समुद्रमेंडूब मरनेकोगया पर्यंत परमेश्वरकीपूर्ण कृपासे समुद्रतकपहुँचनेसे एकजहाज
दिखाई दिया किचला आताहै मैंनेबड़े शब्दसे पुकारा और अपनी पगड़ी कोशिरपरसे उ
तारकेघुमाया किमुझे जहाजके मनुष्यदेखें यहांतक किकप्तानने मुझे देखा और मेरा शब्द
सुनानावको भेजातो मैंउस परचढ़ जहाजपरगया कप्तान और जहाजी मुझे देख आश्चर्यि
तहुए औरसबकहनेलगे किकोंकर इस उजाड़ द्वीपमें आया एकवृद्धने जो सबसेबड़ाथा मुझसे
कहा किलोग कहतेहैं इस द्वीपमें मनुष्यभक्षी राक्षस रहतेहैं कि वह मनुष्यका मांस कच्चा
भूनकरखालेतेहैं औरउन राक्षसोंकेविशेष बड़े सर्प इसके आगे पीछेहैं कि दिनको कंद
राओंमें छिपेरहकर रात्रिको निकलतेहैं और मनुष्योंको भोजन करतेहैं निदान उन्होंने मेरे
उनद्वीपोंमें रहनेसेबड़ा अचंभा किया औरमुझे क्षुधासे अति पीड़ित और व्याकुल पाभोज
नकराया और कप्तानने वस्त्र फटेदेख एकजोड़ा अपने पहिननेके कपड़ोंका मुझे दिया मैं
ने ऊबकर अपना सम्पूर्णदुःख और आपत्तिका वृत्तान्त जैसा किउन राक्षसों और सर्पोंसे
बचाथा विस्तारपूर्वक प्रगट किया फिरहम वहांसे कई द्वीपोंमें गए निदान सिलहटमें प
हुंचे जहां चंदन उत्पन्नहोताहै जो बहुतसी औषधियोंमें पड़के बड़ाथा रोग खोताहै कप्तान
ने उस नगरमें जहाजको लंगरकिया और समस्त ब्योपारियोंको अपना २ असबाब बेचने और

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

बदलनेकोजहाजसे नीचेउतारा एकदिन कप्तानने मुझसे कहा भाईएकब्योपारीका असबा
ब बहुतकालसे मेरे जहाज पररक्खाहुआहै औरबहुतकालव्यतीत हुआकि वह मरगया अब
तकमैं उसके असबाबको स्थान २ परबेचता औरबदलता आयाहूं और चाहताहूंकि उसके
नगरमें एकहुत असल औरनफा उसके स्त्री पुत्रोंकोदूं अबउसकेधनकीगठरियांतुझे सौंप
ताहूं उसव्यापारीके परिवारसे तेरा मिहनतानादिला दूंगा मैंने उसकोधन्यवादकरकेकहा तुम
ने मुझपरबड़ी दयाकीकि मेरे वास्ते एककार्य्य नियत कियाफिरउसने अपने आज्ञालेखक
को आज्ञादीकि वह असबाब इसमनुष्यको सौंपदे उसने कप्तानसे पूछाउस ब्योपारीकाजि
सका कि यह मालहै क्यानामथा कि उसके नामसे यहमाल लिखकर इस मनुष्यको सौंपूं
कप्ताननेकहाकि यहमाल सिंदबादजहाजी ब्योपारीकाहै मैं अपना नाम सुनतेही प्रसन्नता
से स्नान समाया औरकप्तानकामुखदेखनेलगा और मैंनेउसेपहिचानाकि यह दूसरी
यात्रामें मेरा कप्तानथा उसने मुझे उस द्वीपमें हुंउघरसोताहुआ छोड़ जहाज वहांसे खोलदिया
था मेरे आनेकाध्यान नदेखा औरउस समयसे मुझेमराहुआ समझताहै यद्यपिबहुतका
लव्यतीतनहुआथा परंतुमेरे मुखकारंगबहुतसेदुःखऔर आपत्तियोंके भोगनेसे बदलगया
था अब आश्चर्यनहींजो उसने मुझेनपहिचाना मैंने कप्तानसे कहाक्यायह असबाब उ

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

सप्त
१३८

सोकाहै किजिसकानाम सिंदवाद जहाजीथा उसनेकहाहां उसीकाहै वयतुगदाद नगर।
काबासीथा औरबांसरासेहमारे जहाज परब्योपारका असबाबले चढ़ाथा एकदिन ह
मनेएक द्वीपकेतटपरनवीन औरमिष्ट जल लेनेके निमित्त अपने जहाजको लंगर किया
वह ब्योपारी औरोंकेसाथ उसद्वीपमें गया सबब्योपारीतो जहाजपरसवारहोगये परंतुन
जानपड़ाकिक्या बातहुई किवह ब्योपारी जहाज परनपहुंच सकामैं चार घड़ी उसकी राह
देखा किया जब वहन आया औरपवन अनुकूल चलीतोमैं निरुपाय होय जहाजकालंग
रउठा आगेकोचला मैंने उसकप्तानसे कहाकि तुम्हें इसका विश्वासहै किवह ब्योपारी मरा।
गया कप्तानने कहानिस्संदेह मैं उसेखूब जानताहूं तबमैंने कप्तानसेकहाकि आंखखो
लध्यान धरमेरी औरतो देखो किमैं वही सिंदबादजहाजीहूंकि नहींजो एकजलकेऊं
चेकेतटपरसो गयाथा मुझे किसीने नजगाया जब आपही जगातो देखाकि जहाज वहां
सेचलागया इसबातको कप्तानने सुन शोचविचारमेरी औरदेखा और मुझेभलीभांति
पहिचान परमेश्वर काधन्यवाद किया औरमुझे कंठसे लगाकरकहाभाई कि तुम अव
श्य सिंदबादजहाजीहो और यह सब वस्तु तुम्हारी हैं जिसकीरक्षा मैंने आजतककी औ
रएकमेक स्थानपर मैंने इसेबेचा अबमैं तुझेनफे समेत सौंपताहूं मैंने वह सब पाया कि

138

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

फिर सिलहट द्वीपसे अन्य द्वीपों में गये जहांसे हमने लौंग दालचीनी आदिवस्तु मोल
ली और वहांसे हमने दूर दूर तक यात्राकी एक स्थान पर हमने इतने बड़े कछुवे देखे कि
लंबाई चौड़ाई पचास हाथकी थी और अद्भुत २ मत्स्य देखे कि गौके समान दुग्ध देते हैं
कछुओं का चर्म ऐसा कठोर था कि जिनकी ढाल बनाते हैं और एक मत्स्यको ऊंटके स्वरूप।
और रंगका देखा फिर हम बासरामें पहुंचे और वहांसे बुगदादमें आये इसयात्रामें इतना द्र
व्य मुझे लाभ हुआ कि जिसको संख्या नहीं और निज नगरमें जीता जागता और लाभयुक्त प
हुंच परमेश्वरका धन्यवाद किया और उसको धन्यतामें बहुत साधन याचक और मंगन को।
दिया और बहुतसे सुंदर मंदिर और आनंददायक वस्तु मोल ली सिंदबादने अपने तीसरे।
सफरका हत्तांत कहि हिंदबादको ४०० रु० दिये और दूसरे दिन अपने नियमानुसार उ
से निमन्त्रण किया कि चौथे सफरका हत्तांत सुनेसो हिंदबाद और शेष सभा उस दिनमें
सिंदबादसे बिदा हो दूसरे दिन भोजनके समय आये जब खा चुके तो सिंदबादने अपनी चौ
थीयात्राका वृत्तांत इस प्रकार वर्णन करना आरंभ किया ॥ सिंदबाद जहाजीकी चतुर्थ या
त्राका वृत्तांत है भाइयो आनंद और मंगलमें वहतीनों सफरके सब भय और आपत्ति वि
स्मरण होगई और सांसारिक अद्भुत वस्तुओंके देखने और धन इकट्ठा करनेकी लालसा हुई

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

सत्र
१२९

और चतुर्थ यात्राकी तय्यारी करउनवस्तुओंको किजिनकी बाहनाहर इरके देशों औरनगरों
मेंथी एकहाकरपासके औरचला मार्गमें बहुतसेनगरलोचताहुवा एकबंदरमें पहुंचाजहां
से फिरजहाज परचढा औरवहांसे जहाज हमारानेए फरद्वीप आदि पूर्वके बंदरोंकी ओर
जा निकला एकदिन अकस्मात् एकफौंकाजहाज कोलगा कमानेन लाचार हो जहाजके
वरउआननीचे करदिये और खलासियोंसे कहा कि यहतूफानहै चेतमरहना किनना
हो उन्होंने रक्षाकी परंतुसब व्यर्थहुवा जहाजकी पालें तूफानमें फटके टुकडे २ होग
ई कप्तानके सामर्थ्यसेबहु जहाज जाना रहा यहांतक किवालू परचढ करभारसे टुकडे २
होगयाजहाके मनुष्यसमस्त धनऔरवस्तु सहित समुद्रमेंडूब गयेपरंतुमैं औरकुछ
वोपारी तरनेकेसहारोंसे बहते २ एकद्वीपमेंजो समीपथा जालगे जलसे निकल उस
द्वीपमें गए औरबनके फलोंके खानेसे हममें कुछशक्तिहुई रात्रिको फिरवहीं आ
करकिजहां हमलोगोंनेहमें आनदियाथा पड़करसोरहे और अपनी अभाग्यता परवो य
दूसरे दिनभोरको वहांसे उठके उसद्वीपमेंगए और इधर उधर अति विस्मितहोय फिरने
लगेकि अकस्मात् बहुतसेहबशियोंने आकर हमसबको घेरलिया और परस्परहमें
भेजें औरबकरियोंके समानबांटकर अपनेघरों मेंहांकले गए सबके औरमेरे पांचसाथी

139

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

योंकोएकबिलगाएहमें रक्खा ओरहमारेसन्मुख कुछनरकारी खवकरसेनमसे कहतेथे
किहम उसे खावें मेरे साथियों नेसमझके बूझे बिना उसेभलीभांति खाया उनके खातेही
वह नशेमें मतवाले ओरवेसुधि होगए फिरवह हबशी नारियलके तेलमेंचावल पका
करहमें खिलानेलगे किहम मोटेहो जावें ओरहमें मारखावें इसकोभी मेरेसाथीनसम
के ओरबड़े स्वादसे पेटभर खातेथे ओरमें उसे बहुतथोड़ाखाता किजिससे नमस्त ओर न
मोटा होऊं पहिले वह हबशी उन मनुष्योंको किजिनको वह पकड़ते ऐसी वस्तु खि
लाते किजिसमें वहउन्मत्त ओर मतवालेहोजावें ओर अपने भलेबुरेका परिज्ञाननरहे
ओर फिरपुष्ट करनेको नारियलकेतेलमें चावल मिलाकर खिलाते फिरपरस्परजेवना
रकरउन्ही मनुष्यों कोखातेसो मेरे साथियों कोकिऐसे भोजन खानेसे हृष्टपुष्ट ओर
उन्मत्त होगएथेसोउन्हें अपने बुरेभले काकुछभी विचारनरहा ओरमें इसबातकाफ
लकि यहहबशी तेलसहित चावलखिलातेहैं भली भांति जानताथा कुछ अपनीआ
पत्तिके शोचसे ओरकुछ अल्पभोजनसे अत्यंत क्षीण ओर सूख गयाकेवलचर्म ओर
अस्थि शेषरहगईथी इसवास्ते उन्होंने मुझेछोड़ दियाकिमें भीपुष्टहोजाऊं यहांतककि
उसद्वीपमें स्वाधीन फिराकरताथा एकदिन अवकाशपाए उसद्वीपसे चलदिया एकरहने।

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

सप्त
१५

मुझे जानेदिये मुझे बहुतबुलाया परंतुमैंनगया औरअपने प्राणलेवहांसे भागाकेवलव
ह हबशी वहांपरथा औरसब हबशी बाहर गएहुएथे संध्याकोवहां आएक्योंकि उन
कोमेरी ढूंढमें बड़ीदेर हुई जब तककिवह अपने २ वासमें आवें तबतकमें बहुत दूर
निकल गयाथा क्षणमात्र निमित्तमें खाने वो सुस्ताने को बैठजाना और फिर भागता इसी
प्रकारएक सप्ताहतकभागा जब तृषायुक्त होताता नारीयल तोड़कर उसकाजल पीजा
ता उसके पीनेसे मुझे तृषा औरक्षुधा न लगतीथी निदान आठवें दिनमें खारी समुद्रके तटपर
पहुंचावहां मैंने श्वेतवर्णके मनुष्योंको अपने स्वरूपके समानदेखा कि काली मिरचें जो
वहां बहुतसी उगतीहैं चुनरहेहैं उनको देखमें हर्षितहुआ अति प्रसन्नतासेमें उनकी
ओरबेडर चलागया वहभी मेरेनिकट पहुंचे और अरबी भाषामें मुझसे पूछाकितू क
हांसे आताहै मैं अपनी देशकी भाषा सुनकर अधिक हर्षितहुआ फिर उनसे अपना वृ
त्तांत जहाज टूटने औरहबशियोंके द्वीपमें पकड़े जानेका प्रगटकिया उन्होंने कहा
वहतो मनुष्यभक्षीहैं तूकिस भांति बचा मैंने उनसे अपने भागने औरसावे रहनेकाहा
ल जैसा कितुमने सुनाहै कह सुनाया उन्होंने मेरे जीताबच आनेसे अत्यंत आश्चर्य
किया औरजब तक कि वह उसद्वीपसे मिरचचुनाकिये तब तकमैं उनके साथरहाफि

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

खवह सबमुझे अपने साथलेकर जहाजपर सवारहुए औरतबतन वह जहाज उसद्वीपमें जहां
से वह आयेथे पहुंचावह मनुष्य मुझे वहांके बादशाहके सन्मुखकि वह प्रसन्न चित्त और
दयावानथाले गए उसने मेरे दुःखोंका हत्तांत सुन अत्यन्त अचंभा किया औरमुझे उत्तम उत
म वस्त्रदिये औरमेरी खबरलेतारहा वह द्वीपबहुत बड़ा औरबसाहुवाथा उसमें बहुतसी
वस्तुब्योपारके योग्य उत्पन्न होतीथी वहांसे ब्योपारी उन वस्तुओंको ब्योपारके निमित्तले जा
ते और और अन्यदेशोंमे बेचते औरबदलने कोलातेमें व्यापारियोंके गतागतसेबहुत प्र
सन्नहुवा और अपने देशमें पहुंचनेकी फिरमुझे आशाहुई वहांके बादशाहने धीरे २ मु
झे अपना सभासद नियत किया औरमुझेबहुत आनंद औरकृपापूर्वक रखताथा यहां त
क कि मैं उनमें ऐसा मिलगया कि वह मुझे अपनेदेशहीका समझने लगेमें वहांके बादशा
ह औरप्रजाको घोड़ेपरलगाम औरजीनबिनासवारहोते देख अत्यन्त आश्चर्यितहुवा एक
दिन मैंनेबादशाहसे पूछाकि यहांके मनुष्य घोड़ेपर जीनलगाम बांधकर सवारक्योंनहीं
होते उसने उत्तर दियाकि उनवस्तुओंको हमनहीं जानते औरन जानतेहैं किजीनलगाम
कैसी होतीहैं फिरमैंने एककारीगरकोकाठकानमूनादिखा कहाकितुइसीभांति कि
काठीबनादेसोवह मेरी आज्ञानुसारबनालाया फिरमैंने उसचर्मसेमढ़करउसपरबहुत

स०
१४१

लाकमरवाव और अतलसलगाया फिरलुहारको रिकावें बनानेकोकहा जब वह सबमे
री इच्छानुसारबन चुकातोउसे एक अश्वपरलगा करबादशाहके सन्मुखलेगया वह उ
सपर सवारहोकर अत्यंत प्रसन्नऔर मगनहुवा औरमुझे उस सेवाके बदले पारितोषिक
औरउत्तम उत्तम वस्त्रऔर असंख्यद्रव्य दिया और प्रथमसेभी अधिकमुझसे प्रीतिकरने
लगाफिर मैंनेबहुतसेजीन औररलगामें उसके परिवार औरमंत्रियों औरसभासदोंको बन
वांटी उन्होंनेलेकर उसके बदले हजारों रुपये और बहुमूल्यवस्त्र देकर मेरीकृतज्ञता
की और इसनगरके मनुष्यभी मेरीबड़ी प्रतिष्ठाकरने लगे एकदिन बादशाहने मुझेएकां
तमें कहा मैंतुझसे बड़ी प्रीति औरमित्रता रखताहूं औरमेरी प्रजा औरसभा तेरीबुद्धिसे
अत्यंत प्रसन्नहै औरसबको तुझसे प्रीतिहै एक बाततुझसे चाहताहूं उससेतू इनकार
न कीजियो मैंने विनयकी जो कुछ आपमेरे वास्ते विचारोगे वह अत्यंतलाभकारी और उ
त्तमहै मैं कों आपकी आज्ञाभंगकरूं बादशाहने कहा मैं चाहताहूं कितेरा बिवाह
करूं कि जिससेतू आनंदमेंरहे औरइसनगरसे जानेकी इच्छानकरे मैंने अतिहर्षसे बाद
शाहके कहनेको स्वीकारकिया उसने अपने घरानेकी एकस्त्रीके साथजो अति सुंदरी
और रूपवती औरकोमलांगीथी विवाहकरदिया मैं उसविवाहकी रीतोंके पश्चात् उससे

© Dharmartha Trust J&K. Digitized by eGangotri

रीके प्यार और प्रीतिमें ऐसा आसक्त रहा कि अपने प्रथम परिवारको भूल गया थोड़े दिनोंके
पश्चात् मेरे पड़ोसीकी स्त्री कि उसके साथ मुझे बड़ी प्रीति थी रोग युक्त हुई कई दिनोंके उ
परान्त वह काल वश हुई मैं मातमपुरसीको उस मित्रके निकट गया उसे अत्यन्त शोकयुक्त
पा अपने देश की रीतिके अनुसार उसे धीर्य और भरोसा देने लगा कि परमेश्वर तुम्हें जी
ता रक्खे तुम बहुत वर्ष पर्यन्त जीते रहो उसने उत्तर दिया कि जो तुम मुझे आशीर्बाद दे
